# गांधी जी का जीवन सत्य और अहिंसा के लिए करता है प्रेरितः डॉ. जी के अरोड़ा

By **VVNEWS**-January 19, 2019

http://vvnewslive.com/?p=17218

महात्मा गांधीः कल, आज और कल

अंबेडकर कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

निबंध प्रतियोगिता में लिया काफी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा

गांधी जी का जीवन सत्य और अहिंसा के लिए करता है प्रेरितः डॉ. जी के अरोड़ा
दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज एलुमनी क्लब द्वारा "महात्मा गांधीः कल, आज और कल" विषय पर पोस्टर मेकिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्या भारती स्कूल के दीक्षांत कुमार को प्रथम पुरस्कार जबकि राउज़ एवेन्यू स्कूल के सूरज मांझी को दूसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह कॉलेज श्रेणी में फाइन आर्ट अकादेमी के अरशद को प्रथम पुरस्कार और सिद्धांत को दूसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। मदर्स मेरी स्कूल की काव्या, रियान इंटरनेशनल की समायरा, ब्लूमिंग किड्स की वैदही और मानसी, लोटस वैली के रामांश गुप्ता और सी ब्लॉक दिलशाद गार्डन स्कूल की अनुष्का को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कॉलेज ऑफ आर्ट के गौरव, अमित और अभिषेक को भी सांत्वना पुरस्कार से नवाज़ा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धेश्वर राय और कलाकार रूप चंद मौजूद रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सिद्धेश्वर राय ने विशेष रूप से एलुमनी क्लब की सराहना की। कलाकार रूप चंद ने चित्र की बारिकियों का ज्ञान देते हुए पोस्टर से जुड़ हर पहलु पर ध्यान केंद्रित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जी के अरोड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का जीवन अंहिसा परमोधर्म का संदेश देता है गांधी जी का जीवन सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है। प्रतियोगिता के संयोजक गिरीश निशाना ने बताया कि करीब 20 स्कूलों के बच्चों और पांच कॉलेजों के विद्यार्थियो ने इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बनाए गए सभी चित्रों की गांधी जयंती के मौके पर कॉलेज प्रांगण में एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। निबंध प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. एस एस चावला ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में विजयी उम्मीदवारों को एलुमनी क्लब की वार्षिक बैठक में पुरस्कृत किया जाएगा।कार्यक्रम में डीडी न्यूज़ की बुलेटीन एडिटर विनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को सदैव अपना लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। एलुमनी क्लब के अध्यक्ष चरणजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन पेश करते हुए सभी विद्यार्थियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन किए जायेंगे इसका भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिद्धेवश्वर राय, रूपचंद, कॉलेज प्राचार्य डॉ. जी के

अरोड़ा, डॉ. एस एस चावला, क्लब के सलाहकार गिरीश निशाना, विनीता ठाकुर, क्लब के अध्यक्ष चरणजीत सिंह, उपाध्यक्ष निहाल सिंह, वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य कर्ण कपूर, रहीसुद्दीन रिहान, कार्यकारी सदस्य कपिल शर्मा और राखी गुप्ता, एनसीसी एलुमनी क्लब के अंबेडकर कॉलेज अध्यक्ष विजेन्द्र बघेल, कैडेट अनूप, मनीष कुमार, डॉ. अतुल, ब्लूमिंग किड्स स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी, दीपक, एसयूओ हरीशंकर यादव और राजेश सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।